एड्स से सुरक्षा को जागरूकता जरूरी : डॉ. इनवाती

छपारा, देशबन्धु। नगर के शासकीय आई.टी.आई. कॉलेज छपारा में शासन के निर्देशानुसार एच आई वी जागरूकता पखवाड़ा के तहत एड्स जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य अतिथि ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर टी.एस. इनवाती ने प्राचार्य को रेड रिबिन लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की और उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया कि एड्स एक ऐसी बीमारी है जो एच आई वी नामक वायरस के मानव शरीर में प्रवेश करने से उत्पन्न होती है । एच आई वी वायरस मनुष्य की रोग प्रति रोधक क्षमता को कमजोर कर देता है, यह वायरस मनुष्य के टी सेल को नष्ट कर देता है जिससे मनुष्य के शरीर में टी सेल का स्तर 200 प्रति क्यूबिक मिली मीटर से कम हो जाता है उसे एड्स पीडित माना जाता है । इस गंभीर बीमारी के प्रति जन जागरूकता व बचाव ही सुरक्षा है। बीसीएम. एस के सिंगराह ने बताया कि एचआईवी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में असुरक्षित यौन

एड्स जागरूकता पर कार्यशाला

सम्बंध से फैलता है इसलिए हमारे जीवन में नैतिकता अत्यन्त महत्वपूर्ण है । नैतिकता न केवल हमारे व्यक्तिव को निखारती है वरन आपके स्वरूप स्वास्थ की रक्षा भी करती है । इसके अलावा रक्त व स्तनपान के द्वारा भी एचआईवी का संक्रमण हो सकता है । उन्होंने शासन की स्वास्थ विभाग के माध्यम जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्रदान की। एड्स काउंसलर अरूण श्रीवास ने बताया कि इस बीमारी से डरे नहीं इसे जाने समझे और जागरूक हो उन्होंने बताया यह घातक वायरस हवा, पानी या भोजन के द्वारा नहीं फैलता, एचआईवी पीड़ित रोगी के साथ उठने-बैठने, हाथ मिलाने व खाने-पीने से फैलता है। सबसे पहले समाज में हमें इस धारणा को जागृत करना होगा कि रोगी से नहीं रोग से बचें । रोगी भी समाज का एक अंग है और उसका मनोबल बढ़ाना समाज का दायित्व है।

स्वास्थ्य विभाग के बीईई पीएल मुढिया ने टी वी, इस बीमारी के लक्षण व उपचार पर सूक्ष्मता से प्रकाश डाला एवं इस रोग से पीड़ित रोगी को शासन द्वारा उपलब्ध सुविधाओं के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। स्वास्थ्य विभाग में लेब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत मन्जू यादव ने कहा कि एच आई वी पीड़ित व्यक्ति का थेरेपी के माध्यम से उपचार सम्भव है।

कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम डॉक्टर्स व स्वास्थ्य विभाग के अमले की कोरोना के कालखण्ड में दी गई अभूतपूर्ण सेवाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। छात्र-छात्रा अपने स्वास्थ्य को प्रतिदिन कम से कम 1 घण्टा अवश्य दे। आज मेडिकल साइन्स ने इतनी तरक्की कर ली है तथा उसने यह तरीका खोज निकाला है कि इस वायरस के साथ भी रोगी को एक लम्बा जीवन दिया जा सके । मानव सभ्यता 4 दशक से इस घातक एचआईवी वायरस से लड़ रही है और एक न एक दिन इसका पूर्ण इलाज भी खोज लिया जायेगा।

अर्चना लिखितकर आरकेबीएस ने कहा कि इस जानलेवा बीमारी का बचाव ही बेहतर इलाज है। ॥ढ्ढङ्क ञ्जद्गह्यह्ल महिलाओं के साथ पुरूष भी करवायें ताकि संपूर्ण परिवार सुरक्षित रहे । छात्रा दीपिका झारिया ने इस कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताया। छात्र पवन ने कहा कि वे स्वयं जागरूक होंगे व जनमानस को जागरूक करने का प्रयास करेंगे । इस कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों, संस्था परिवार और छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण जागरूकता के लिए भी शपथ ली गई।

संस्था परिवार से अमित शर्मा,यश्विन ठाकुर, नीरज उइके, राजकुमार सोयाम,संजय उइके, भूपेन्द्र उइके, राकेश तिवारी, प्रतिभा सोनी, शालिनि उइके व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

उपवन क्षेत्रपाल पर मेहरबान अफसर

सिवनी, धूमा, देशबन्धु । सिवनी जिले के धनककडी पहाड़ी के अंतर्गत एक मामला इन दोनों बहुत चर्चा में है। पहाड़ी चौकी पर पदस्थ उपवन क्षेत्रपाल मनोहर परते ने दिन में ही शराब पीकर ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार किया। ऑन ड्यूटी पर शराब का सेवन करने के दौरान कुछ ग्रामीणों से तू तो मैं में हुई थी इस संबंध में ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी जिस पर पुलिस ने उस संबंधित कार्यालय में छोड़ दिया गया था लेकिन उत्तम मिश्रा मनोहर परते को बचाने में लगे हैं। इस मामले में उत्तम मिश्रा बहुत माहिर माने जाते हैं। उनके पास तीन जगह का प्रभार होना भी एक बड़ा सवाल पैदा करता है।

लगता है कि एसडीओ गोपाल सिंह भी मनोहर परते को बचाने में पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं। प्रतिवेदन बनवाते समय कहीं ना कहीं एसडीओ गोपाल सिंह को भी पता रहा होगा कि इस प्रकार का प्रतिवेदन बनवाना है लेकिन उस प्रतिवेदन में नींद की गोली का जिक्र करना भी बड़े सवाल पैदा करता है।

उत्तम मिश्रा ने जांच प्रतिवेदन में कहा है कि उप वन क्षेत्रपाल ने नींद की गोली खाई थी इसलिए वे गिर पड़े थे। उत्तम मिश्रा ने यह नहीं पता कि नींद की गोली खाने के बाद इंसान सीधा सो जाता है, गिरता नहीं है। उपवन क्षेत्रपाल को धूमा रेंज लेकर आई थी क्या उत्तम मिश्रा को यह नहीं पता था की उप वन क्षेत्रपाल की वीडियो ग्राफी भी मीडिया के कुछ प्रतिनिधियों ने रिकॉर्ड की है।

इन सब सवालों से उत्तम मिश्रा को कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें वरिष्ठ अधिकारी डीएफओ का भी डर नहीं है और न एसडीओ से डर रहता है। क्या उत्तम मिश्रा परा वन मंत्री मेहरबान हैं? वन मंत्री भी कुछ दिनों पहले चुनाव हार चुके हैं। अब वन मंत्री का प्रभार प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के पास है।

सार-समाचार

शंकराचार्य नेत्रालय का छात्रों ने किया भ्रमण

गोटेगांव, देशबन्धु। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेगरवानी बिकास खण्ड धनोरा जिला सिवनी में व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत हेल्थ केयर ट्रेड विषय जो कि विभन्न कक्षाओं संचालित है इसके अंतर्गत प्रत्येक कक्षाओं के हेल्थकेयर के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त करने के लिए शंकराचार्य नेत्रालय में औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण में आये जिसमें छात्र छात्राओं एवं स्टॉफ ने नेत्रालय में होने वाली नेत्र एवं अन्य स्वाथ्य संबंधित जानकारी को विस्तार पूर्वक शंकराचार्य नेत्रालय के मैनेजर डॉ श्रीकांत पटेल डॉ अभिषेक मुकर्जी एवं सम्बंधित विभागीय डॉ द्वारा बताई गई भ्रमण में आये छात्राओं एवं विद्यालय के प्राचार्य डी के राय बी एल उइके श्रीमती सुधा डहरवाल लक्ष्मी नारायण सल्लाम धनीराम तखरे आदियेंद्र सिंग भदौरिया बलवीर चौधरी रामकुमार डेहरिया आकाश दुबे एवं 11 वीं 12 वीं के लगभग 70 छात्र-छात्राएं रहे।

शिक्षा मंत्री राव ने की कार्यकर्ताओं से भेंट, शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की

करेली, देशबन्धु। प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का शनिवार दोपहर अल्प प्रवास पर करेली आगमन हुआ। कैबिनेट मंत्री श्री राव ने प्रतिष्ठित नागरिक श्री सुरेश नेमा के आवास पहुंचकर उन्हें भागवत कथा के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी। करेली प्रवास के दौरान श्री राव ने नगर के शोकाकुल परिवार रघुवीर शुक्ला, अभिजीत जितेंद्र शर्मा, अजय अग्रवाल के आवास पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। भाजपा नेता गौतम जैन के आवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। श्री राव ने स्थानीय विश्राम गृह में स्थानीयजनो, कार्यकर्ताओं से भेंट की। अपरान्ह मंत्री राव राजकोट एक्सप्रेस से करेली से रतलाम रवाना हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सत्यप्रकाश साहनी, कोदूलाल पटेल, जगदीश मिश्रा, सुरेश नेमा, संतोष रघुवंशी, उदय सिंह ठाकुर, गौतम जैन, संदीप ममार, अनिल कठल, नीरज लूनावत, मुकेश रघुवंशी, संजीव मिश्रा, राजेश दुबे, विनीत जैन, आशीष अग्रवाल, पराग नेमा, मनोज नेमा, राज महेंद्र यादव, अजीत छाबड़ा, संजय जैन नेपाली, सतीश शुक्ला, अभिषेक रघुवंशी, दीपक शर्मा, अनिमेष यादव, चंचल गुप्ता, पप्पू राजपूत, चेतन साहनी, जितेंद्र स्वामी, अंकित पांडे, आसिफ कुरैशी, सौरभ जैन, गिन्नी अरोरा, मोनू खान, गणेश पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

साइबर सुरक्षा पर दी जानकारी

गोटेगांव, देशबन्धु। विगत दिवस शासकीय सी एम राइज विद्यालय गोटेगांव में सी सी एल ई की गतिविधि के अंतर्गत साइबर सुरक्षा थीम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन सी सी के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम में एस डी ओ पी गोटेगाँव भावना मरावी, गोटेगाँव थाना प्रभारी प्रदीप सराफ एवं साइबर सेल एसपी कार्यालय नरसिंहपुर से कुमुद पाठक मैडम की गरिमामाई उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रारंभ भावना मरावी के उद्बोधन से हुआ जिन्होंने साइबर अपराध, महिलाओं और छात्राओं के विरुद्ध होने वाली अपराध के बारे में जानकारी दी इसके बाद थाना प्रभारी श्री सराफ द्वारा डिजिटल अरेस्ट एवं नशाखोरी से बढ़ने वाले अपराधों के विषय में अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट द्वारा साइबर सुरक्षा पर एक आकर्षक नाटक प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में आयोजित अतिथि व्याख्यान के दौरान साइबर सेल नरसिंहपुर से पधारी पाठक मैडम द्वारा साइबर अपराधों के संबंध में बिंदु बार जानकारी दी गई जिसमें टेफकॉप एप, एम मोबाइल कवच एप ,डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप सुरक्षा आदि प्रमुख बिंदु थे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में साइबर सुरक्षा पर क्विज का आयोजन माध्यमिक शिक्षक मनोज कुमार जैन द्वारा किया गया। बोर्ड प्रभारी संजीव नाहर के द्वारा बोर्ड परीक्षा के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियां एवं महत्वपूर्ण उपाय की चर्चा की गई ।संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सीसीएल ई प्रभारी नारायण डेहरिया एवं प्राचार्य एस के सिसोदिया के निर्देशन में हुआ तथा अंत मनोज जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अंत में प्रस्तुति देने वाली विद्यार्थियों को रनिंग ट्राफी प्रदान की गई एवं सभी प्रतिभागियों को व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए गए।

विकासखंड स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता

गोटेगांव, देशबन्धु। विगत दिवस विश्व विकलांगता दिवस पर विकासखंड स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड स्रोत समन्वयक सिद्धांत बागड़े के मार्गदर्शन में शास.रानी अवंतीबाई लोधी हाई स्कूल गोटेगांव प्रांगण में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 के शासकीय विद्यालयों के 58 दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से प्रारंभ की गई।

दिव्यांग बच्चों ने कहा हम भी किसी से काम नहीं - सर्वप्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें सुभी एवं आसमानी ने सहभागिता की, इसके पश्चात 25 मी दौड़ बालक कक्षा 1 से 5 में अंशु प्रथम कृष्णा द्वितीय आदर्श तृतीय स्थान 25 मीटर दौड़ बालिका कक्षा 1 से 5 में आसमानी ठाकुर प्रथम स्थान शुभ पटेल द्वितीय स्थान एवं भानुमति तृतीय स्थान 25 मीटर दौड़ बालक आदित्य प्रथम स्थान आकाश द्वितीय स्थान एवं तेजीलाल तृतीय स्थान पर 25 मीटर दौड़ बालिका कक्षा छठवीं से आठवीं नैना बाई प्रथम स्थान खुशी द्वितीय स्थान एवं सोनम तृतीय स्थान पर रही इसी तरह नींबू दौड़ कक्षा 1 से 5 में आदित्य लोधी ,सुभी प्रथम स्थान एवं कृष्ण रजक, भानुमति द्वितीय स्थान पर अंशुल ,नेहा ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे नींबू दौड़ कक्षा 6 से 8 में तेजी

लाल मेहरा,नैना बाई प्रथम स्थान आदित्य मेहरा,सोनम मेहरा द्वितीय स्थान आकाश यादव, खुशी वंशकार तृतीय स्थान पर रहे कुर्सी दौड़ कक्षा 1 से 8 में नैना बाई,चेतराम चौधरी प्रथम स्थान पर, नेहा द्वितीय स्थान पर सुभि तृतीय स्थान रहे तत्पश्चात चित्रकला कार्यक्रम में आदित्य लोधी,आसमानी प्रथम अनिकेत द्वितीय स्थान पर सुभि,अनुपम तृतीय स्थान रही रंगोली प्रतियोगिता में नैना/संजीव प्रथम स्थान पर शिवानी राजेश द्वितीय स्थान सभी मोहन तृतीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम के समापन में अध्यक्षता कर रहे सरदार सिंह पटेल, सचिव मणि नागेंद्र सिंह पटैल फाउंडेशन, विशिष्ट अतिथि दादू राम पटेल जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सिद्धांत बागड़े सहायक संचालक द्वारा प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी दिव्यांग प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप ठंड की स्वेटर एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए जनपद पंचायत गोटेगांव अध्यक्ष आरती/सतीश पटेल द्वारा भी सभी बच्चों को पानी की बाँटल देकर पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान बच्चों एवं पालकों के लिए भोजन एवं जलपान की व्यवस्था की गई थी। सुबोध झारिया एम आर सी द्वारा सभी बच्चों को यात्रा परिवहन भत्ता भी प्रदान किया गया।

सभी प्रतियोगिताएं पीटीआई रंजीत घोषी, शोभाराम दोहैया, पुष्पेंद्र राजपूत द्वारा संपन्न कराई गई। उमाशंकर छिरा बीएसी को शिक्षा और दिव्यांग बच्चों की सहायता हेतु सम्मानित किया गया। सुबोध झारिया एम आर सी को दिव्यांगता कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन सतीश कुमार साहू विकासखंड सह समन्वयक को साक्षरता के कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन मनीष राज जैन संकुल सह समन्वयक को ब्लाक के कार्यक्रमों में उचित व्यवस्था हेतु पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में बीएसी योगेंद्र बुनकर, दशरथ चड़ार ,जनशिक्षक प्रसन्न कुमार कुर्मी, विनीत कुमार पटेल, पूरन सिंह पटेल, राजेंद्र सोनी, धर्मेंद्र पटेल, दीपक दुबे,राजेश कुमार अग्रवाल प्रकाश राकेशिया,गोविंद ठाकुर, प्रवीण नामदेव सुरेंद्र पटेल, वीरेंद्र छिरा, भूपेंद्र राजपूत, संजय दोहैया, राजेश नामदेव, भैया लाल चौधरी,सुम्मेर सिंह ठाकुर आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोगी गनेश कहार, सतीश पिपरोलिया, अशरफ खान ने सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम स्थल पर सभी शिक्षक बच्चे व अभिभावक मौजूद थे।

जैन पाठशाला के मासिक पुरस्कार वितरित

चौरई, देशबन्धु । प्रत्येक माह के अनुसार नवम्बर माह में भी दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति पाठशाला चौरई में मासिक परिक्षा एवं प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें पाठशाला के सभी बच्चो ने हिस्सा लिया जिसमें व्याकरणाचार्य आकाश भैया एवं पाठशाला की सभी शिक्षका ने अपना पूर्णत: योगदान दिया। पाठशाला के बच्चो को पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिसमें कुछ प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान बच्चो ने प्राप्त किया जो इस प्रकार है ।

चित्रकला प्रतियोगता पेस्टल कलर में प्रथम गुनगुन जैन, द्वितीयअनया गंगवाल, तृतीय आस्था जैन । चित्रकला प्रतियोगिता मल्टी कलर में प्रथम परी जैन, द्वितीय अनोखी जैन, तृतीय पाखी जैन । भजन प्रतियोगिता में प्रथम आराध्य जैन आरू, द्वितीय अवनी जैन, तृतीय परी जैन । भजन प्रतियोगिता में प्रथम शरणम गंगवाल, द्वितीय आराध्य जैन, तृतीय वाणी जैन। स्लोगन प्रतियोगिता प्रथम रिधिमा जैन, द्वितीय आर्या जैन , तृतीय मोक्षी जैन ।

पासिंग पास गेम प्रतियोगिता में प्रथम आदि जैन, द्वितीय अवधि जैन, नमो जैन , तृतीय परी जैन, रिधिमा जैन । नवम्बर माह परीक्षा परिणाम प्रथम आराध्य (आरू) जैन, द्वितीय नमो जैन , मायरा जैन, तृतीय अतिशय जैन , नायरा जैन । सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी नवम्बर माहप्रथम नमो जैन, द्वितीय आदि जैन।

गंदगी को हटाकर बनाया मिनी पार्क

करेली, देशबन्धु। मन में यदि कार्य करने की इच्छा शक्ति हो कोई भी काम संभव नहीं होता है नगर में पूर्व में भी नगर के जनप्रतिनिधियों द्वारा विविध कार्य किए गए हैं इसी श्रृंखला में हनुमान वार्ड के युवा पार्षद हेमंत मेहरा ने पहल कर कचरे वाले एक स्थान को सुंदर स्वरूप दिया है जिससे कि वार्ड के वासी बहुत प्रसन्न है।

हनुमान वार्ड मे पंप हाउस के पास कई वर्षों से गंदगी पड़ी रहती थी उस से वार्ड वासियों को काफी तकलीफ होती थी उस गंदगी को हटाकर एक बहुत ही सुंदर मिनी पार्क बना दिया गया है जिस से वार्ड वासी काफी खुश है सौंदर्य करण का यह कार्य लगभग 2 लाख की लागत से हुआ है। पार्षद हेमंत मेहरा ने वार्ड के निवासियों से आग्रह किया है कि वह वार्ड को सुंदर बनाने के लिए अपना योगदान दे व अपने वार्ड की बेहतरी के लिये अपने सुझाव प्रेषित करें।

महाविद्यालय में मनाया विश्व एड्स दिवस

गोटेगांव, देशबन्धु । समीपवर्ती ग्राम श्रीनगर के श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के रासेयो समन्वय डॉक्टर एस आर मेहरा एवं महाविद्यालय प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉक्टर दिलीप पाठक के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया विश्व एड्स दिवस की थीम अधिकारों की राय अपनाऐ मेरा स्वास्थ मेरा अधिकार इस थीम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एसपी डेहरिया ने एचआईवी एड्स का परिचय एवं एचआईवी और एड्स में अंतर एवं एड्स के संक्रमण की चार कारण एवं बचाव उपाय सावधानी के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तृत जानकारी दी इसके बाद डॉ आशीष ठाकुर ने एचआईवी के बचाव एवं सावधानी के बारे में अपनी विचार व्यक्त किए प्रोफेसर अर्चना सोनी ने एड्स जागरूकता एवं एड्स होने के कारण एवं सुरक्षा के उपाय बताएं ।

प्रो राहुल नेमा ने एड्स की उत्पत्ति कब हुई और विश्व में सबसे पहले विश्व एड्स दिवस 1988 में मनाया गया तब से प्रत्येक वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है प्रो विवेक जैन ने जानकारी दी एड्स से कैसे बचाव किया जा सके प्रो.राजा दुबे ने एचआईवी एड्स की विस्तार से अपने विचार छात्र-छात्राओं को साझा किया इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला कार्यक्रम अधिकारी ने रेड रिबन क्लब के बारे में रेड रिबन की भूमिका एवं महत्व का उल्लेख स्वयं सेवकों को विस्तार से व्याख्या की इसके बाद विश्व एड्स दिवस की उपलक्ष में महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता की गई।

प्रो.कमल पटेल ने पोस्टर निर्माण एवं निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को स्थान दिया जिसमें प्रथम स्थान किरण कहार द्वितीय स्थान टेकवती कुशवाहा तृतीय स्थान मोहिनी साहू पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजना साहू द्वितीय स्थान पिंकी ठाकुर तृतीय स्थान यशोदा कुशवाहा ने प्राप्त किया कार्यक्रम का संचालन एसपी डेहरिया ने किया कार्यक्रम में प्रो.अंकित नामदेव प्रो.इंद्रजीत प्रजापति प्रो.दिलीप द्विवेदी कार्यालय स्टाफ से सत्येंद्र तिवारी,चंदन विश्वकर्मा,आयुष तिवारी की व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

कानूनी जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला

भुआ बिछिया, देशबन्धु। शासकीय स्नातक महाविद्यालय भूआ बिछिया में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजेश्वरी मरकाम की अध्यक्षता में हम होंगे कामयाब कानूनी जागरूकता का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आयोजक प्रभारी डॉ. अशोक कुमार बघेल के द्वारा कार्यशाला में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत कानूनी जागरूकता के विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।

इस कार्यशाला में मुख्य डॉ. राखी वंशकार राजनीति विभाग के द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 एवं घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के बारे में विस्तार से बिंदुवार जानकारी साझा कर छात्र-छात्राओं को इस विषय की जानकारी प्रेषित कर लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित की । इसी बीच समाजशास्त्र विभाग के सुखदेव सिंह वरकडे के द्वारा श्वश्रष्ह्यश्र,ष्ह्ल 2012 यौन अपराध से बच्चों का निवारण अधिनियम 2012 के उद्देश्य प्रावधानों के बारे में सारगर्भिक जानकारी दी गई कार्यशाला में उपस्थित डॉक्टर रेखा पटेल के द्वारा घरेलू हिंसा के विषय पर विभिन्न प्रकार के शोषण व हिंसात्मक उत्पीड़न से अवगत कराया गया। मंच संचालन डॉ . संजय सिंह बागरी के द्वारा किया गया तथा साथ ही उनके द्वारा विभिन्न प्रकार के बाल अपराधों यौन शोषण तथा निवारण के बारे में बारीकियों से छात्र, छात्राओं को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा घरेलू हिंसा ,पॉक्सो एक्ट 2012 तथा बच्चों में यौन उत्पीड़न से संबंधित पोस्टर निर्माण का अवलोकन किया गया ।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजेश्वरी मरकाम के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

दैनिक राशिफल

मंगलवार 03 दिसम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की द्वितीया, नक्षत्र- मूल।

मेष

आज आपको अपने गुस्से पर काबू रखने की जरुरत है। आपका क्रोध किसी भी काम या संबंध को बिगाड़ने का कारण बन सकता है।

वृषभ

काम में विलंब से सफलता मिलेगी। शारीरिक अस्वस्थता के कारण आप हताशा की भावना का अनुभव करेंगे।

मिथुन

शारीरिक और मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा। परिजनों तथा मित्रों के साथ प्रवास एवं पार्टी का आयोजन होगा।

कर्क

आज के दिन आपको खुशी और सफलता मिलेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में सुख-शांति से दिन व्यतीत करेंगे। नौकरी करने वालों को लाभ होगा।

सिंह

लेखन और साहित्य के क्षेत्र में कुछ नए सृजन करने की आपको प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थी अध्ययन में उत्तम प्रदर्शन कर सकेंगे।

कन्या

आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं के साथ तैयार रहना पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम रहेगा। मन चिंताओं से घिरा रहेगा। माता से संबंधों में तनाव होगा।

तुला

नए काम की शुरूआत के लिए दिन अनुकूल है। भाग्यवृद्धि और धनलाभ की संभावनाएं हैं। पारिवारिक या व्यावहारिक काम के लिए बाहर जाना पड़ेगा।

वृश्चिक

आज परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सगे-संबंधियों और मित्रों का आगमन होगा। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। धार्मिक काम के पीछे खर्च होगा।

धनु

आज के दिन आप अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखें। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। किसी तीर्थयात्रा पर जाना हो सकता है। सगे संबंधियों और मित्रों के आने से मन खुश रहेगा।

मकर

आज सावधानी बरतें। अधिक परिश्रम में कम सफलता मिलने से निराशा की भावना पैदा होगी। पारिवारिक वातावरण भी अशांत रहेगा।

कुंभ

आज का दिन लाभदायी है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपको फायदा होगा। मित्रों के साथ भेंट होने से मन में आनंद छाया रहेगा।

मीन

व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आपकी कार्यसफलता के कारण अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में पदोन्नति के भी योग है।

म.